**Regarding need to restore concession in train fare for senior citizens- laid**

श्री श्रीरंग आप्पा चंदू बारणे **(**मावल**) :** रेलवे के नियमों के मुताबिक 60 वर्ष के पुरुष और 58 साल की महिला वरिष्ठ नागरिक की श्रेणी में आते हैं । इन्हें पहले ट्रेन की सभी श्रेणियों के किरायों में छूट दी जाती थी । यह छूट मेल, एक्सप्रेस, राजधानी, शताब्दी, जन शताब्दी, दुरंतो जैसी सभी ट्रेनों में मिलती थी । यह छूट पुरूष वरिष्ठ नागरिकों के लिए 40% और महिला वरिष्ठ नागरिकों के लिए 50% थी । इसे कोरोना काल में बंद कर दिया गया है । लेकिन कोरोना खत्म हो गया, और वरिष्ठ नागरिकों को रेल किराये में छूट मिलना शुरू नहीं हुई । सरकार द्वारा नागरिकों से हर प्रकार के छूट को समाप्त कर दिया गया है, पहले गैस सिलेंडर पर भी छूट मिलती है लेकिन सरकार ने धीरे- धीरे इस छूट को समाप्त कर दिया और अब कोरोना काल में वरिष्ठ नागरिकों को रेल किराये मे मिलने वाली छूट को भी समाप्त कर दिया है । इससे लोगों मे भारी नाराजगी है और सरकार को इस बात की समीक्षा करनी चाहिए । मैं सरकार से आग्रह करता हूँ कि वरिष्ठ नागरिकों को फिर से पहले की भांति रेल किराये में छूट प्रदान की जाए ।